संत थॉमस स्कूल धुर्वा, (राँची)

मॉडल उत्तर

पाठ 15

<u>(हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर)</u>

शब्दार्थ :-

मणि - रत्न
छत्र - मुकुट
चकमक - चमकता हुआ
नृत्य - नाच
मनोहारी - मन को मोह लेने वाला
तेंदुआ - चीते की तरह का एक पशु
सावधान - खबरदार

प्रश्न 1) प्रश्न उत्तर :-

उत्तर क) मोर वर्षा ऋतु में नाचता है।
उत्तर ख) मोर के अंडों को सियार, लोमड़ियाँ तथा साँप आदि खा जाते हैं।
उत्तर ग) मोर के पंखों का रंग चकमक गाढ़ा हरा और रंग -बिरंगा होता है।
उत्तर घ) नृत्य के समय मोर अपने पंखों को गोलाकार फैला लेता है।
उत्तर ङ) मोर छोटे साँप, कीड़े, बीज, अनाज, दालें, मूंगफली आदि खाता है।

प्रश्न 2) सही विकल्प पर निशान लगाइए :-

क) मोर पंजाब का सबसे सुंदर पक्षी है । (गलत)
ख) मोर भारत का सबसे सुंदर पक्षी है। (गलत)
ग) मोर दुनिया का सबसे सुंदर पक्षी है। (सही)
घ) मोर के भोजन में कीड़े भी शामिल है। (सही)
ङ) मोर के भोजन में पंछी भी शामिल है। (गलत)
च) मोर के भोजन में पशु भी शामिल है। (सही)

<u>अनुच्छेद लेखन</u>

(होली)

होली रंगों का त्योहार है। यह त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है । यह भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। होली के एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है। होली के दिन बच्चे - बड़े सभी रंगों से खेलते हैं और बहुत मस्ती करते हैं। इस दिन घरों में मिठाइयाँ,पकवान इत्यादि बनाए जाते हैं। शाम को सब एक - दूसरे के घर जाते हैं और गले मिलकर होली की शुभकामनाएँ देते हैं। इस त्योहार का सभी को पूरे वर्ष इंतजार रहता है। होली का त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। मुझे होली का त्योहार मनाना बहुत अच्छा लगता है।

---×××---